# नगर परिषद्, साहिबगंज

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

लाभुक का नाम :– **गायत्री देवी**
पति :– **श्री मदन उराँव**
Beneficiary ID:  208017720031100077



नगर परिषद्, साहिबगंज के वार्ड सं0–23, कबूतर खोपी के निवासी श्रीमती गायत्री देवी, पिता– मदन उराँव जो कि मजदूर का काम करता था। इनका मिट्‌टी–टाली का झोपड़ीनुमा घर था। इनके घर में न तो शौचालय था और न ही बिजली था। इनके बच्चों को झोपड़ीनुमा घर में रहने के कारण बरसात के दिनों में पानी हर जगह से टपकता रहता था। बरसात के दिनों में इन्हें रात भर बैठकर गुजारना पड़ता था। आँधी व तूफान आने पर इनका छत जो कि टाली का था, उड़ जाता था जिस कारण इनको कई दिनों तक खुले में ही सोना पड़ता था। इनके पूरे परिवार को साँप, बिच्छू का भय बना रहता था। इनके यहाँ परिवार के दूसरे भी सदस्य आने से कतराते थे। इनकी आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय थी कि वो छत की कल्पना भी नहीं कर सकती था। इनका इसी तरह कठिनाई से जीवन–यापन चल रहा था।

फिर इनकों एक दिन साहिबगंज नगर परिषद् द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत् नये आवेदन भरे जाने के संबंध में प्रचार–प्रसार किये जाने के क्रम में इनकों आवास के संबंध में जानकारी हुई, वो नगर परिषद् कार्यालय में दौड़ा चला आया और उत्सुकतावश पूछा कि हमें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकता है? इनको नगर परिषद् कार्यालय के द्वारा बताया गया कि सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ आप जैसे जरूरतमंदों के लिए ही बनाया गया है। इन्होनें अपना आवेदन कार्यालय में जमा किया। कार्यालय के कर्मचारी ने इनके घर पर जाकर इनके आवास की दयनीय स्थिति को देखा। जाँचोपरान्त इन्हें आवास निर्माणकी स्वीकृति मिली।



इन्होनें अपना धैर्य नहीं खोया और प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त की राशि का इंतजार करने लगा। इनके खाते में जैसे ही प्रथम किस्त की राशि आया इन्होनें अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर काम को आगे बढ़ाया और आठ महीने के अंदर इन्होने अपना आवास पूर्ण कर लिया और आज इनका अपना पक्का का घर हो जाने के कारण काफी खुश है। इनका पक्का का मकान में रहने का सापना सरकार के द्वारा साकार हुआ है। आज श्रीमती गायत्री देवी अपने पति और बच्चों के साथ अपने पक्के के घर में सुखी–संपन्न तरीके से अपना जीवन–यापन कर रहे हैं और नगर परिषद् साहिबगंज एवं सरकार को धन्यवाद देते थक नहीं रहें है।